RAF SECTOR
NEWS CLIP
03/06/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Samachar Jagat, Jaipur(R.J)

सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स का 37वां स्थापना दिवस

शहीद हुए जवानों को याद कर दी श्रद्धांजलि

जयपुर (समाचार जगत न्यूज)। राजधानी जयपुर के आमेर में लालवास स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन ने 37वां स्थापना दिवस मनाया। 83 बटालियन का 37वां स्थापना दिवस कोविड गाइडलाइनों का पालन करते हुए बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के कमाण्डेन्ट प्रवीण कुमार सिंह ने बटालियन में नवनिर्मित शहीद वाटिका का उद्घाटन कर शहीद स्मारक पर बटालियन के देश सुरक्षा में शहीद हुए जवानों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

बटालियन के स्थापना दिवस पर कमाण्डेंट सहित सभी अधिकारियों और जवानों ने दो मिनिट का मौन रख कर शहीदों की शहादत को याद किया। इस अवसर पर सभी ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रदांजलि दी और बटालियन क्वाटर गार्ड पर सेरेमोनियल गार्ड से सलामी ली। बटालियन में सैनिक सम्मेलन का भी आयोजन किया गया।

कमाण्डेन्ट प्रवीण कुमार सिंह ने विशेष सैनिक सम्मेलन आयोजित कर बटालियन के सभी कार्मिकों को बटालियन की ओर से देश हित में किए गए सराहनीय कार्यों के लिये प्रशंसा की। इसके साथ ही भविष्य में और अच्छा करने की रणनीति पर विचार करने के लिए आगाह किया। देश की सेवा के लिए हर समय तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।